तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 8 जनवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

घरेलू हिंसा एवं सायबर अपराधों से बचने महिलाओं को किया जा रहा सतर्क

4



## खबर संक्षेप

### साल 2026 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**सक्ती।** सक्ती जिले में वर्ष 2026 के लिए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा तीन स्थानीय अवकाश घोषित की गई है। जारी आदेश के अनुसार नवाखाई 18 सितम्बर शुक्रवार, दशहरा (महाअष्टमी) 19 अक्टूबर सोमवार और दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) 9 नवम्बर सोमवार को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश बैंको एवं कोषालय, उप कोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

### सामान्य प्रशासन समिति की 12 को होगी बैठक

**सक्ती।** जिला पंचायत सक्ती में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 12 जनवरी को आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सक्ती के सभा कक्ष में किया जाएगा। बैठक के एजेंडावार विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें पूर्व बैठक में पारित प्रस्ताव का पालन प्रतिवेदन के सम्बन्ध में चर्चा और अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषय पर भी चर्चा किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ने संबंधितों को बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### अमृत महोत्सव वर्ष निमित्त नागरिक कर्तव्य कार्यक्रम 10 को

**बिर्रा।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरा होने पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। संस्कार भारती जिला सक्ती के द्वारा भारतीय संविधान के अमृत वर्ष निमित्त नागरिक कर्तव्य का व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्यालय बिर्रा में 10 जनवरी शनिवार को समय दोपहर 1 बजे से किया जाना है। जिसके मुख्य वक्ता अधिवक्ता जगदीश बंजारे एवं अधिवक्ता लक्ष्मी बंजारे होंगे । अध्यक्षता के आर कश्यप अध्यक्ष संस्कार भारती करेंगे। मुख्य आतिथ्य देवप्रसाद तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय किसान संघ एवं व्यवस्थापक आर्य बाल कल्याण समिति बिर्रा, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य श्रीमती सुप्रिया शुक्ला है। विशेष मार्गदर्शन के लिए आर के सोनवानी तहसील अध्यक्ष पेंशनर कल्याण संघ शक्ति एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष संस्कार भारती सक्ती उपस्थित होंगे । उक्त जानकारी मनोज तिवारी महामंत्री संस्कार भारती जिला सक्ती ने दी है।

### सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट के लिए रूचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी मॉडल गाईडलाईन के कियान्वयन हेतु जिले में सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट हेतु रूचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इस हेतु निर्धारित अर्हताओं व अनर्हताओं के प्रकाश में इच्छुक, अनुभवी एवं योग्य व्यक्तियों से 27 जनवरी तक रूचि की अभिव्यक्ति के प्रस्ताव आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय महिला एवं बाल विकास जिला जाजगीर-चांपा को प्रेषित करना होगा।

### शासकीय आईटीआई में होगा अप्रेंटिसशिप मेला 12 को

**सक्ती।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) जैजैपुर में सोमवार 12 जनवरी को सुबह 10:30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस अप्रेंटिसशिप मेला में जिला सक्ती के अंतर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के सभी व्यवसायों के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्मिलित हो सकते हैं। यह मेला प्रशिक्षणार्थियों को अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने हेतु आयोजित किया जा रहा है। उक्त के सम्बन्ध में अन्य किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रशिक्षणार्थी कार्यालयीन समय में शासकीय आई.टी.आई. जैजैपुर से संपर्क कर सकते हैं।

---

सुबह से कतार में खड़े होने को मजबूर अन्नदाता, 67 हजार किसान बेच चुके धान

# धान बेचने के बाद पसीने की कमाई पाने सहकारी बैंक में उमड़ रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जिले में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद भुगतान को लेकर किसानों की परेशानी शुरू हो गई है। अपने मेहनत की कमाई पाने के लिए किसान बैंकों में कई घंटे तक कतार में खड़े होने मजबूर हो रहे हैं। रोज़ाना सुबह से ही जिला सहकारी बैंकों के बाहर किसानों की लंबी कतारें लग रही हैं।

जिले में 129 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। अब तक 67 हजार 203 किसानों ने 39 लाख 62 हजार 286 क्विंटल धान बेचा है। धान बेचने के बाद किसान जिला सहकारी बैंकों का रूख कर रहे है। किसान सुबह से धान का पैसा लेने के लिए बैंक पहुंच रहे है, लेकिन भीड़ और प्रक्रिया के चलते भुगतान पाने पूरा दिन लग जा रहा है। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का दावा तो किया गया, लेकिन भुगतान समय पर नहीं होने से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। कई किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक और कर्ज की अदायगी करनी है। ऐसे में धान का पैसा अटकने से किसानों की मुश्किले बढ़ गई है। बैंकों में बढ़ती भीड़ के कारण सामान्य ग्राहकों को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से आए किसान सुबह बैंक खुलने से पहले ही पहुंच जाते हैं, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण देर शाम तक भुगतान पाने इंतजार करना पड़ रहा है। कई किसानों के खाते में आंशिक राशि ही पहुंची है, जबकि कुछ के खातों में अब तक भुगतान दर्ज नहीं हुआ है।किसानों ने मांग की है कि धान खरीदी के बाद भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और बैंकों में विशेष काउंटर या वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें बार-बार लाइन में न लगना पड़े। वहीं बैंक प्रबंधन का कहना है कि भुगतान की राशि जैसे-जैसे जारी हो रही है, वैसे-वैसे खातों में डाली जा रही है।

### फसल संशोधन के लिए सप्ताह भर का और मिला समय

समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को रकबा व फसल विवरण संशोधन कराने के लिए सप्ताह भर का और समय मिला है। खास बात यह है कि समिति का एकीकृत आईडी 15 जनवरी तक के लिए ओपन किया गया है, जिसमें सभी प्रकार के संशोधन करने की बात कही जा रही है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को इस बार शुरू से परेशानी का सामना करना पड रहा है। पहले एग्रीस्टेक, फिर कैरी फारवर्ड इसके बाद रही सही कसर आनलाइन गिरदावरी ने पूरी कर दी। किसानों का जहां पूरा रकबा एग्रीस्टेक में दर्ज नहीं हो पाया था, तो इसके बाद बहुत लोगों का रकबा कैरी फारवर्ड नही हुआ। इन दोनों के बाद किसान जब समिति में टोकन कटवाने पहुंचे तो उन्हें आनलाइन गिरदावरी में रकबा कटौती की जानकारी मिली। धान की जगह कईयों की गिरदावरी में दलहन तिलहन की फसल दर्ज हुआ था। इन सबके संशोधन के लिए किसान परेशान होते रहे। इसको लेकर शासन के निर्देश पर पोर्टल खोला गया था। जिसकी अंतिम तिथि 7 जनवरी तक निर्धारित की गई थी। कैरी फारवर्ड, वन अधिकार, पट्टाधारी किसानों का नवीन पंजीयन, त्रुटिपूर्ण आधार में पूर्व पंजीयन निरस्त कर नया पंजीयन और राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी में भौतिक सत्यापन के आधार पर कलेक्टर की अनुशंसा से नवीन पंजीयन के लिए 15 जनवरी तक का समय बढ़ाया गया है। इसके अलावा सभी प्रकार के संशोधन 31 जनवरी तक किए जाएंगे।

### बनाई गई व्यवस्था

धान बेचने के बाद किसानों को राशि भुगतान को लेकर किसी तरह की समस्या ना हो, इसको लेकर व्यवस्था बनाई गई है। जहां समस्या आ रही है, वहां की जानकारी लेकर व्यवस्था बनाई जाएगी।

-अमित साहू,
नोडल अफसर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

---

# सड़क सुरक्षा माह के पहले सप्ताह में हादसों ने ली 5 जान

## साल की शुरूआत के साथ ही सड़के हो रही खून से लाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नववर्ष की शुरूआत के साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा माह का आगाज किया गया है। इधर साल के पहले सप्ताह में ही कई सड़कें खून से लाल हो गई है। सप्ताह भर के भीतर सड़क दुर्घटना में 5 लोगों की मौत का मामला सामने आया है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले में जनवरी 2026 नववर्ष के शुरुआत में ही सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आए हैं। सप्ताह के 7 दिनों के भीतर सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत भी हो चुकी है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 2 जनवरी को बलौदा क्षेत्र के बोकरामुड़ा निवासी बजरंगदास की मौत हुई। वहीं शनिवार 3 जनवरी को बलौदा क्षेत्र के ग्राम बुढगहन निवासी राम सिंह को अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद उसकी स्थिति गंभीर हो गई एवं बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। तीसरी घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम कुरियारी की है। कुरियारी निवासी विशाल कोसरिया उम्र 23 वर्ष किसी काम से बलौदा बाजार जिले के गिरौदपुरी गया हुआ था। इस दौरान वह अपने गांव कोरियारी आ रहा था तभी गांव के पास ही लकड़ी के गोले से उसकी बाइक टकरा गई। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। यह घटना रविवार 4 जनवरी की बताइ जा रही है। रविवार 4 जनवरी को जिला मुख्यालय जांजगीर के केरा रोड में नारायण सोनवान को कार चालक ने अपनी चपेट में ले लिया। वहीं अन्य आटो को भी कार ने टक्कर मारी। हादसे में नारायण सोनवान की मौत हो गई। वहीं जो एक अन्य व्यक्ति भी 4 जनवरी की घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ था उसकी भी मौत हो गई। इधर पुलिस प्रशासन के द्वारा 1 जनवरी से सड़क सुरक्षा माह मनाने के साथ-साथ सड़कों पर चलते समय यातायात नियमों की जानकारी भी दी जा रही है। बावजूद इसके सड़क हादसों में किसी तरह की कोई कमी नजर नहीं आ रही है।

### नाबालिग हाथों में ट्रैक्टर की स्टेयरिंग बन रही जानलेवा




**तालदेवरी।** क्षेत्र में ट्रैक्टर धडल्ले से दौड़ रहे है। वहीं कई ट्रैक्टर की स्टेयरिंग नाबालिग हाथों में है। ऐसे में ट्रैक्टर से लगातार दुर्घटना के मामले सामने आ रहे है। करनौद गार्डन चौक पर बुधवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई,जहां टैक्टर कि ठोकर से करनौद निवासी कृष्णा कर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका उपचार अस्पताल में जारी है। वही टैक्टर चालक नाबालिक बताया जा रहा है जो मौके से फरार हो गया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में यातायात नियमों कि धज्जियाँ उडाई जा रही है जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। नाबालिग खुलेआम टैक्टर चला रहे है । इसके बावजूद पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं कि जाती । करनौद,नक्टीडीह,सोनाईडीह, तालदेवरी,पोडीशंकर के सड़कों पर नाबालिग वाहनों में फर्राटे भरते हुए नजर आते है। ज्यादातर नाबालिक ही इस क्षेत्र में टैक्टर चलाते दिखाई देते हैं। टैक्टर मालिक नाबालिक युवक को टैक्टर सौप कर ईट,पत्थर,रेत का अवैध परिवहन लगातार करते नजर आ रहे हैं,जिससे लोग लगातार हादसे का शिकार हो रहे हैं।

---

# जी राम जी से मिलेगी 125 दिन रोजगार की कानूनी गारंटी : नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जी राम जी रोजगार योजना के तहत ग्रामीण परिवारो को अब 125 दिनो के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। वही इस योजना में 33 फिसदी कार्य महिलाओ को देना अनिवार्य कर दिया गया है।

उक्त बाते भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय ने कही । वे मनरेगा के जगह जी राम जी योजना लागू करने को लेकर पत्रकारो से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने जी राम जी योजना को लेकर बुधवार 7 जनवरी को भाजपा जिला कार्यालय जांजगीर प्रेस वार्ता की। इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं आरंग विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय ने बताया कि केन्द्र सरकार ने दिसम्बर 2025 से मनरेगा के स्थान पर अब जी राम जी योजना लागू की गई है। इस योजना के माध्यम से अब ग्रामीण परिवारो को एक वित्तिय वर्ष मे 100 दिनो के बजाय 125 दिनो के रोजगार की कानूनी गारंटी है। यदि काम पूरा होने के 15 दिनो के भीतर भुगतान नही होता तो मजदूर ब्याज सहित भुगतान के हकदार होगें। आवेदन करने के 15 दिनो के भीतर किसी कारण वश परिवारो को काम नही मिल पा रहा हो तो योजना के माध्यम से लाभार्थियो को दैनिक बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाएगा। योजना के तहत जाब कार्ड धारी महिलाओ को कम से कम 33 फिसदी काम देना अनिवार्य कर दिया गया है। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगडे,पूर्व सांसद श्रीमति कमलादेवी पाटले,भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, पंकज अग्रवाल, अमर सुल्तानिया, विकास शर्मा, नंदनी राजवाडे,हितेश यादव, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, संतोष जब्ब्ल, राजू महंत सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी इस दौरान मौजूद रहे।



पत्रकारों से चर्चा करते भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मारकण्डेय

## सौजन्य भेंट...




**जांजगीर-चांपा।** देश की राजधानी दिल्ली में छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय दिल्ली में भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से सौजन्य भेट कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

# शेयर मार्केट में रकम डबल करने का झांसा देकर ठगी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जमीन की खरीदी बिक्री और शेयर मार्केट में रकम ढाई गुना करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला थाना शिवरीनारायण क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश कुमार साहू ने 14 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2023 में आरोपियों ने जमीन के कारोबार और शेयर मार्केट में निवेश पर 25 माह में ढाई गुना रकम लौटाने का लालच दिया। भरोसे में आकर प्रार्थी ने 30 नवंबर 2023 से 25 अगस्त 2024 के बीच कुल 1 करोड़ 88 लाख रुपये जमा कर दिए। मामले में पुलिस ने कुछ आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया था। वहीं फरार चल रहे आरोपी उत्तरा कुमार साहू को सायबर सेल की टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 3(5) के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# तीन ट्रैक्टरों से अवैध धान का परिवहन, राजस्व विभाग की टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

धान का अवैध परिवहन करते राजस्व विभाग की टीम ने तीन ट्रैक्टर को पकड़ा है। तीनों ट्रैक्टरों में लोड 450 कट्टी धान को जब्त करते हुए टीम ने कार्रवाई की है।

ज्ञात हो कि बुधवार 7 जनवरी को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार अवैध धान परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले में लगातार सघन जांच



अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा विनय कश्यप के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जनवरी को रात्रि लगभग 1:30 बजे भद्री चौक से सिंघीतराई की ओर तीन ट्रैक्टरों में धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। जांच दल ने मौके पर पहुंचकर तीनों ट्रैक्टरों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान पाया गया कि तीनों ट्रैक्टरों में लगभग 150-150 कट्टी धान लोड किया गया था, जिसके संबंध में वाहन चालकों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। टीम द्वारा तीनों ट्रैक्टरों को अवैध धान परिवहन करते हुए जब्त कर लिया गया। सुरक्षा की दृष्टि से जब्त किए गए तीनों ट्रैक्टरों को चौकी फ़गुरम में सुरक्षार्थ रखा गया है। अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि अवैध धान परिवहन के इस मामले में नियमानुसार पंचनामा तैयार कर लिया गया है तथा संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक जांच करते हुए आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि में अवैध परिवहन एवं भंडारण के मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इस कार्यवाही में तहसीलदार डभरा मनमोहन प्रताप सिंह, पटवारी हरमेन्द्र वारे, देव कश्यप एवं राजेंद्र चन्द्रा सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की संयुक्त टीम शामिल थी।

---

सुबह की पहली किरण के साथ ही ग्राउंड में हो जाते हैं एकत्रित

# तुस्मा के युवाओं में देश सेवा का जज्बा, फौजी बनने के लिए बहा रहे पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

ग्राम तुस्मा में देशसेवा का जज्बा युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। रोज़ाना सुबह होते ही ग्राम तुस्मा समेत आसपास के गांवों के दर्जनों युवा नर्सरी ग्राउंड में एकत्र हो जाते हैं। अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ते समय के साथ ही मैदान में युवाओं की चहल-पहल शुरू हो जाती है।

ठंड हो या गर्मी, मौसम की परवाह किए बिना ये युवा नियमित रूप से अभ्यास करने पहुंचते हैं। फौज में भर्ती होने का सपना संजोए ये युवक अपने लक्ष्य को पाने के लिए अनुशासन और समर्पण के साथ मेहनत कर रहे हैं।मैदान में



मैदान में अभ्यास करने पहुंचे युवा।

पहुंचते ही पहले वार्म-अप,स्ट्रेचिंग और हल्की कसरत की जाती है,ताकि शरीर को दौड़ के लिए तैयार किया जा सके। युवाओं का कहना है कि सेना में भर्ती के लिए शारीरिक फिटनेस सबसे अहम है, इसलिए वे रोजाना समय पर अभ्यास को प्राथमिकता देते हैं।1600 मीटर की दौड़ से परखी जा रही मेहनत और हौसलानर्सरी ग्राउंड में युवाओं का मुख्य अभ्यास 1600 मीटर की दौड़ होता है, जो सेना भर्ती की तैयारी का अहम हिस्सा माना जाता है। पसीने से तर-बतर होकर भी वे दौड़ पूरी करते हैं और अपने समय को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। कई युवा स्टॉपवॉच के जरिए अपने रनिंग टाइम पर नजर रखते हैं, ताकि आगामी भर्ती परीक्षाओं में निर्धारित समय सीमा के भीतर दौड़ पूरी की जा सके। अनुभवी युवाओं द्वारा नए अभ्यर्थियों को दौड़ने की तकनीक, सांस नियंत्रित करने और गति बनाए रखने के टिप्स भी दिए जाते हैं। इससे न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ती है, बल्कि आपसी सहयोग और टीम भावना भी मजबूत होती है। युवाओं का कहना है कि सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना उनका सपना है और इसके लिए वे किसी भी प्रकार की मेहनत से पीछे नहीं हटेंगे। नियमित अभ्यास से न केवल उनका स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है,बल्कि जीवन में समय का महत्व और अनुशासन भी सीखने को मिल रहा है। गांव के बुजुर्ग और स्थानीय लोग भी युवाओं की इस मेहनत की सराहना कर रहे हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

# जेठा की जगह सक्ती नगर में गणतंत्र दिवस समारोह कराने उठ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह जेठा की जगह सक्ती में कराने नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री सहित सांसद व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रस्तावित जिला स्तरीय मुख्य समारोह को जेठा की बजाय सक्ती नगर में आयोजित कराने की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद सक्ती के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र सौंपा है। नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा यह पत्र छत्तीसगढ़ शासन के प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के साथ-साथ सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े




एवं कलेक्टर अमृत विकास टोपनो को भी दिया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सक्ती जिला मुख्यालय होने के कारण प्रशासनिक, भौगोलिक एवं जनसुविधाओं की दृष्टि से जिला स्तरीय समारोह के लिए अधिक उपयुक्त स्थान है। यहां पर्याप्त मैदान, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध के साथ-साथ आमजन की अधिकतम सहभागिता सहज रूप से सुनिश्चित की जा सकती है।

# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

लाइफ Style

# तारा

## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।



हॉलीवुड मसाला

# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक



**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।



# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

टीवी मसाला



# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयि सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्धविदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।



# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

*लॉस एंजिल्स। ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



### 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

### नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

### ये फिल्में भी हुई चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कचंदा में परीक्षा पे चर्चा पर विशेष सेमिनार का हुआ आयोजन



**जैजैपुर।** सकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचंदा संकुल केन्द्र कचंदा के विशाल प्रांगण में विकास खंड के 20 संकुलों को मिलाकर बनाए गए है। जिसके तहत कचंदा जोन में 7 को आयोजित नवीन पाठ्य पुस्तक पर आधारित प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रशिक्षण का शुभारंभ संकुल प्राचार्य पी आर कर्ष मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त एक्सटेंशन वरिष्ठ व्याख्याता अमृत लाल चंद्रा एवं विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता आई डी खूंटे द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र में पुष्प धूप दीप श्रीफल अर्पण से हुआ इस बीच शिक्षिका श्रीमती राधा देवी चंद्रा के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुति के साथ हुआ तत्पश्चात बी आर जी व एम टी व्ही पी चौहान एवं के के देवांगन द्वारा हिंदी भाषा पर प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण के विशेष मार्गदर्शक विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक धरणीधर चन्द्रा हैं। सर द्वारा बच्चों को बेहतर बनाने में योगदान देने वाले शिक्षकों को प्रेरित करते हुए अपने स्टाफ के कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी अविनाश बरेठ एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक सह बी आर जी वेद प्रकाश चौहान के कार्य को शाल भेंट करते हुए सम्मानित किए। इस दौरान बीईओ द्वारा इस मैजिक मैन की भूमिका ने सबको उत्साह से भर दिया इस तरह दूसरे दिवस का प्रशिक्षण सत्र समाप्त हुआ।

### मल्दा में भव्य नाग लीला एवं कृष्ण लीला और मेला महोत्सव 19 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत मां कंकालिन की पावन धरा गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के रामसागर डोंगिया तालाब में 19 जनवरी दिन सोमवार को श्री कृष्ण रासलीला मंडली समिति मल्दा के तत्वाधान में भव्य नागलीला एवं मेला महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के समाज सेवक लखन लाल कश्यप गुरुजी ने बताया कि नाग लीला मेला महोत्सव का शुभारंभ 19 जनवरी दिन सोमवार को किया जाएगा। नाग लीला प्रत्येक दिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रामसागर डोंगिया तालाब में कार्यक्रम होगा। रात्रि कालीन में प्रत्येक दिन रात्रि 8:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक श्री कृष्ण लीला का आयोजन भी रखा गया है। यह लगातार 25 जनवरी दिन रविवार तक चलेगा। जिसकी आवश्यक तैयारियां समस्त ग्राम वासियों के द्वारा की जा रही है।

### करही में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण यज्ञ का चल रहा आयोजन

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत करही के पुरानी बस्ती में स्वर्गीय कार्तिकेश्वर सिंह राजपूत के वार्षिक श्राद्ध के निमित्त संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण यज्ञ का आयोजन 4 जनवरी रविवार को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन और देव आह्वान के साथ शुभारंभ किया गया है। श्रीमद् भागवत कथा महापुराण यज्ञ में व्यास आचार्य पंडित संजय कृष्ण शास्त्री अमोरा वाले अपने श्री मुख से कथा का रसपान करा रहे हैं। प्रत्येक दिवस श्रीमद् भागवत कथा महापुराण यज्ञ दोपहर 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक भक्ति भाव से चल रही है। प्रत्येक दिवस श्रद्धालु भक्तजन और ग्रामवासी कथा का रसपान करने यज्ञ स्थल पहुंच रहे हैं। 5 जनवरी दिन सोमवार को व्यास आचार्य परम पूज्य पंडित संजय कृष्ण शास्त्री जी ने परीक्षित जन्म एवं सुखदेव का आगमन के बारे में विस्तार पूर्वक कथा सुनाकर श्रोताओं को आनंदित किया। 6 जनवरी दिन मंगलवार को कपिल और सती प्रसंग महाराज द्वारा विस्तार पूर्वक सुनाया गया। 7 जनवरी दिन बुधवार को भारत और प्रह्लाद आदि के प्रसंग के बारे में आचार्य पंडित संजय कृष्ण शास्त्री महाराज के द्वारा विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। 8 जनवरी दिन गुरुवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम चंद्र और बांके बिहारी लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर मोहल्ले वासी और ग्रामवासी श्रीमद् भागवत कथा महापुराण यज्ञ सुनने के लिए भारी संख्या में उपस्थित थे।



### पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 की दी जा रही जानकारी

# घरेलू हिंसा एवं सायबर अपराधों से बचने महिलाओं को किया जा रहा सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

घरेलु हिंसा एवं सायबर अपराधों से बचने को लेकर महिलाओं को जागरूक करने जिले में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही साथ जरूरत पडने पर उन्हें पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के मदद के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।



स्कूली छात्र छात्राओं को जानकारी प्रदान करते पुलिस अधिकारी।

ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा रजत जयंती के सातवें दिवस के अवसर पर महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे के द्वारा स्वयं अलग अलग जगहों में जन जागरूकता अभियान आयोजित किया जा रहा है। सीएसपी जांजगीर द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को जागरूकता करते हुए अभियानों का मुख्य उद्देश्य के बारे में अवगत कराते हुए बताएं कि महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, कानूनों और सुरक्षा उपायों की जानकारी देना है, ताकि वे स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें और किसी भी प्रकार के अपराध के विरुद्ध आवाज़ उठा सकें। इन अभियानों के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे हैं। पुलिस हेल्पलाइन नंबर, जैसे डायल 112 जानकारी दी जाती है तथा साइबर अपराध, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा और पीछा करने जैसी समस्याओं से निपटने के तरीकों पर चर्चा की गई। इस प्रकार, महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस का जन जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने, अपराधों को रोकने और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सायबर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के तहत हेल्पलाइन पर कॉल करके वित्तीय धोखाधड़ी या किसी अन्य साइबर अपराध के शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल वेबसाइट पर जाएं: भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) की वेबसाइट पर जाकर जानकारी ले सकते है। इसके अलावा जनजागरूकता अभियान के माध्यम से स्कूली बच्चों, महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को गुड टच एवं बेड टच के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है, ताकि वे अपने आप को सुरक्षित रख सके। जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्राचार्य आत्मानंद स्कूल जांजगीर श्रीमती परमेश्वरी सोनी, कराते प्रशिक्षक श्रीमती रुकमणी पाण्डेय सहित स्कूल के छात्र छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# निजी मोबाइल से एप पर उपस्थिति दर्ज करने पर कर्मचारियों को सता रहा सायबर क्राइम का डर

### विभिन्न समस्याओं को लेकर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

निजी मोबाइल एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर शासकीय कर्मचारियों को सायबर क्राइम के शिकार होने का डर सता रहा है। इसके साथ ही निजी जानकारी सार्वजनिक होने का भय भी बना हुआ है। इस समस्या को लेकर शिक्षक संघ ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा है।



डीईओ को ज्ञापन सौंपने पहुंचे शासकीय कर्मचारी।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राठौर के निर्देश अनुसार सक्ती जिला के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राज कुमार धारिया के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ शासन रायपुर और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को व्हीएसके एप के संबंध में ज्ञापन सौंपा कर इससे होने वाले उत्पन्न समस्याओं के संबंध में बताया गया कि स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार शिक्षकों के स्वयं की निजी मोबाइल में व्हीएसके एप डाउनलोड कर उसी में उपस्थित दर्ज करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। चूंकि मोबाइल के नंबर सिम कार्ड में प्रत्येक कर्मचारी की आवश्यक जानकारी जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, नेट बैंकिंग आदि जानकारी सीधे तौर पर जुड़े होते हैं जिससे कर्मचारी की सभी जानकारी इससे सार्वजनिक होने का खतरा बढ़ गया है जो निजता के अधिकारों का स्पष्ट तौर पर उल्लंघन प्रतीत होता है और वर्तमान समय में साइबर अपराध की घटना निरंतर बढ़ रही है, विगत 15 दिनों के अंदर सक्ती जिला के जैजैपुर और मालखरौदा ब्लॉक के लगभग 100 से अधिक कर्मचारियों को फर्जी साइबर पुलिस रायपुर के नाम पर फोन करके झूठी शिकायत बताकर डराकर ठगने का प्रयास किया गया है और कुछ फर्जी साइबर पुलिस शिक्षकों को फोन करके मोबाइल में अश्लील वीडियो देखते हैं। इस प्रकार साइबर अपराधियों के पास शिक्षक का नाम,स्कूल की जानकारी, मोबाइल नंबर, कार्यरत पद, पदस्थ ब्लॉक और जिला की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं तथा और अधिक स्वयं के मोबाइल से व्हीएसके जैसे एप डाउनलोड करने से और खतरा बढ़ सकता है। इस दौरान छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संगठन मंत्री बिहारी लाल बरेठ, कार्यकारी जिला अध्यक्ष सक्ती राज कुमार धारिया, जिला महामंत्री अमरदास मानिकपुरी, जिला उपाध्यक्ष अमृत रात्रे, जिला संगठन मंत्री देवचरण जाटवर, ब्लॉक उपाध्यक्ष सक्ती सुनील खूंटे, श्रीमती चंचला चंद्रा, महेंद्र सिंह राज, खेम सिंह राज आदि मौजूद थे।

# सरस्वती साइकिल योजना के तहत 127 छात्राओं को मिली साइकिल, राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद में 5 जनवरी 2026 को सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा नवमीं की 127 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुश्री सुशीला सिन्हा रहीं, जिन्होंने अपने कर-कमलों से छात्राओं को साइकिल प्रदान की। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, साइकिल सावधानीपूर्वक चलाने तथा पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य शिव प्रसाद द्विवेदी, वरिष्ठ व्याख्याता राजकुमार प्रजापति, संतराम बर्मन, हेम्मर सिंह कंवर, गीता राम खूंटे, हरनारायण चंद्रा, दिनेश कुमार चंद्रा, गुरुदत्त गबेल, प्रेम सिंह पैकरा, योगेश कुमार साहू, मनोज कुमार आदित्य, अशोक कुमार श्रीवास, शिरिल साहू, अर्जुन



सिंह यादव, लिसा कुर्रे, आशालता मार्कंडेय, पद्मावती जायसवाल, मखनी श्रीवास, सोमेश्वरी कैवर्त्य तथा आईटी शिक्षक अनिल प्रकाश बंजारे सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रितेश साहू ने छात्राओं को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन अभियान 10 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को जिले में शत-प्रतिशत सफल बनाना है।



बैठक में दिशा निर्देश जारी करते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो

कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि अभियान अवधि में मैदानी स्तर पर सक्रिय भागीदारी रखते हुए हर पात्र व्यक्ति तक दवा पहुँचाई जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल ने कहा कि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के खतरे और उससे बचाव के उपायों पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत सामूहिक रूप से दवा सेवन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 10 फरवरी से 12 फरवरी तक बूथ स्तर में स्कूल, आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा खिलाई जाएगी और 13 फरवरी से 22 फरवरी तक मितानिन व आंगनबाड़ी के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी साथ ही 23 फरवरी से 25 फरवरी तक मापअप राउंड अंतर्गत छूटे हुए व्यक्तियों को दवा खिलाई जाएगी। साथ ही इस अवसर पर डब्लूएचओ कंसलटेंट बिलासपुर संभाग डॉ. स्नेहा श्री ने फाइलेरिया रोग पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### शासकीय हाई स्कूल देवरघटा में पालक शिक्षक बैठक संपन्न

**हसौद।** शासकीय हाई स्कूल देवरघटा में प्राचार्य दिलेश्वर कुमार लहरे की अध्यक्षता में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम का समीक्षा किया गया एवं परीक्षा पर चर्चा के रजिस्ट्रेशन के लिए प्रोत्साहन किया गया। बच्चों को समय के महत्व एवं समय प्रबंधन पर अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष दास महंत एवं शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों , संतोष टंडन श्रीमती मालती रात्रे श्रीमती उषा आजाद के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास कैसे हो इसके बारे में बताया गया पालको के भी सुझाव को आमंत्रित रहा और कार्यक्रम उपस्थित सभी पालकों एवं शिक्षकों आभार के साथ सभी को धन्यवाद प्रेषित किये। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती हेमलता कश्यप भूषण लाल महिलांगें उपस्थित रहेइसी तरह से हमेशा बच्चों एवं पालकों को आपस में समन्वय बनाकर चलने के लिए प्रेरित किया। अंत में बच्चों को समय के महत्व एवं समय प्रबंधन पर अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# अंडर-14 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में डीपीएस ने फाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अंडर-14 इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में 'डी.पी.एस. के होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली पब्लिक स्कूल, जाँजगीर-चाम्पा और लायंस पब्लिक स्कूल, चाम्पा की टीमें आमने-सामने रहीं।



पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम ने सशक्त खेल का प्रदर्शन करते हुए 216 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। दिल्ली पब्लिक स्कूल, के बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान देते हुए टीम के स्कोर को मजबूती प्रदान की। जिसमें विराज सोमानी 38, लतिक सिंह राठौर 29, प्रयाग सिंह राठौर ने 27 तथा अनिकेत तिवारी ने 21 रन की महत्वपूर्ण पारियाँ खेलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लायंस पब्लिक स्कूल चांपा की टीम, दिल्ली पब्लिक स्कूल की कसी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और महज 191 रन पर पूरी टीम ऑल आउट हो गई। इस प्रकार दिल्ली पब्लिक स्कूल ने 25 रन से शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में सबसे पहले अपनी जगह पक्की की। मैच के नायक दिल्ली पब्लिक स्कूल के कप्तान शौर्य बेरेलिया रहे, जिन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 31 रन देकर 6 विकेट झटके और विपक्षी टीम की कमर तोड़ दी। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का यह अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना विद्यालय के लिए गौरव और गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 8 तारीख को चांपा की ऐतिहासिक भालेराव स्टेडियम में दिल्ली पब्लिक स्कूल चांपा बनाम ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल जाँजगीर के मध्य खेला जाएगा। विद्यालय परिवार ने टीम को फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन कर विजय प्राप्त करने हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

# पांच दिवसीय एफएलएन अंतर्गत नवीन पाठ्यपुस्तक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कक्षा पहली, दूसरी एवं तीसरी के शिक्षकों के लिए नवीन पाठ्यपुस्तक उन्मुखीकरण एवं एफएलएन प्रशिक्षण का आयोजन 1 से 7 जनवरी तक किया गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी प्रशिक्षण हॉल अकलतरा, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल पोड़ी दलहा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरारी में संपन्न हुआ।



प्रशिक्षण में शामिल स्कूल के स्टाफ।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवीन पाठ्यपुस्तकों में हुए बदलाव, नई दक्षताओं एवं थीम आधारित शिक्षण पद्धति से अवगत कराना रहा। प्रशिक्षण के दौरान भाषा शिक्षण, बुनियादी गणित, अंग्रेजी, आकलन, पर्यावरण, खेल, योग एवं कला शिक्षा जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जोन क्रमांक 1 अकलतरा में बबीता कुर्रे, रश्मि दुबे एवं अमित कुमार धिरही, जोन क्रमांक 2 पोड़ी दलहा में रूपचंद देवांगन, रूपेश सिंह एवं अल्किन खान तथा जोन क्रमांक 3 किरारी में विश्वनाथ अघरिया, सेवक दास महंत एवं श्री कुंभकार द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तीनों जोनों में कुल 242 शिक्षकों ने सहभागिता की।अंतिम दिवस अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के राज्य प्रमुख सुनील शाह ने पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करते हुए बच्चों को जागरूकता का सशक्त माध्यम बताया। बीआरसी शैलेन्द्र सिंह बैस ने प्रदूषण मुक्त वातावरण निर्माण में शिक्षा की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। चतुर्थ दिवस डाइट जांजगीर के व्याख्याता भुनेश्वर जायसवाल ने प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर प्रशिक्षार्थियों को मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन प्रदान किया।

# तीन दिवसीय सतनाम मेले का नेता प्रतिपक्ष महंत ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लिमतरा में तीन दिवसी सतनाम मेले का नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने जैतखंभ गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर मेले का शुभारंभ किया। चरण दास महंत ने उद्बोधन में कहा बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध जागरण किया और सतनाम पंथ की स्थापना कर मानवता, समानता और सत्य का मार्ग दिखाया।



बाबा गुरु घासीदास के विचार आज भी सामाजिक समरसता और समानता के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। बाबा ने अहिंसा और करुणाः जीव हत्या, पशु बलि और हिंसा का विरोध किया, सभी प्राणियों के प्रति दया और करुणा सामाजिक छुआछूत और नशा जैसी बुराइयों का विरोध किया। उन्होंने सादा जीवन, उच्च विचारः सात्विक और सरल जीवन जीने स्त्री और पुरुष की समानता पर जोर दिया। नारी के प्रति सम्मान व पवित्रता समाज को अंधविश्वासों से मुक्त कर सत्य, अहिंसा, धैर्य, करुणा का संदेश दिया आज भी मानवता, सामाजिक समरसता और एकता के लिए बाबा मार्गदर्शक हैं, जो हमें एक बेहतर समाज बनाने की प्रेरणा देते हैं। और आप सभी से कहना चाहूंगा कि बाबा के दिखाएं मार्ग पर चले इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह ठाकुर नरेश गेवाडीन रश्मि गबेल जागेश्वर सिदर बलराम पांडे सत्य प्रकाश महंत ऋषि राय बंशीधर खांडे रूपनारायण साहू साधेश्वर ग़बेल चंद्र कुमार सोनी, रथराम पटेल सरपंच श्रीमती भारद्वाज, सुरेश डेंसिल भूरू अग्रवाल शिव प्रधान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी गण ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बदली छंटने के साथ ही ठंड में हुई बढोतरी, ठिठुरने लगे लोग

**जांजगीर-चांपा।** बदली छंटने के साथ ही ठंड लगातार बढ़ रही है। जिसके कारण सुबह से रात तक गर्म कपडों में नजर आ रहे है। ठंड के चलते सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों को हो रही है।

आवश्यकता
जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के सभी स्थानों के लिए बिज़नेस पार्टनर चाहिए
कान्हा सोलर, जांजगीर
(PM सूर्यघर योजना के अधिकृत वेंडर)
हमसे जुड़ें और मासिक 50000 तक कमाएं
• कोई दुकान की आवश्यकता नहीं
• कोई निवेश नहीं
• सिर्फ मेहनत और लगन की जरूरत
• सुरक्षा राशि ₹10,000 (पूर्णत: वापसी योग्य)
संपर्क करें:
कान्हा सोलर, शॉप 1, मां मार्केट, जांजगीर
9981348927




